राष्ट्रीय नदी कार्य योजना का बनाया जाना

201. **श्री सुशील कुमार सम्भाजीराव शिन्दे:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने "राष्ट्रीय नदी कार्य योजना" बनाई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) इस कार्य योजना में कौन-कौन सी नदियों को सम्मिलित किया गया है; और

(घ) इस कार्य योजना के अन्तर्गत क्या-क्या कार्य किये जाने हैं और इस संबंध में कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) सरकार ने देश की प्रमुख नदियों के अभिनिर्धारित प्रदूषित क्षेत्रों के तट पर स्थित नगरों में प्रदूषण निवारण कार्यों से संबंधित राष्ट्रीय नदी कार्य योजना के उपागम पत्र को "सिद्धान्त रूप में" अनुमोदित कर दिया है।

(ख) कार्य योजना केन्द्र द्वारा प्रायोजित स्कीम के रूप में क्रियान्वित की जाएगी जिसमें केन्द्र एवं संबद्ध राज्य सरकारों को कार्यों की पूंजीगत लागत बराबर की हिस्सेदारी से वहन करनी है। सुविधाओं के संचालन एवं अनुरक्षण की लागत राज्यों द्वारा पूर्ण रूप से वहन की जाएगी।

(ग) प्रदूषण निवारण की स्कीमों को तैयार करने की दृष्टि से 19 नदियों (सूची विवरण के रूप में संलग्न) के प्रदूषित क्षेत्रों पर स्थित नगरों में प्रदूषण भार का मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन शुरू किए जा चुके हैं।

(घ) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत म्युनिसिपिल सीवेज का अवरोधन और दिशा-परिवर्तन, सीवेज उपचार, अल्प-लागत स्वच्छता प्रबंध, विद्युत शवदाह गृह नदी तटाग्र विकास और बर्नीकरण जैसी स्कीमों को शामिल किया जाएगा। स्कीमों का कार्यान्वयन 1994-95 में आरंभ होने की संभावना है।

विवरण

राष्ट्रीय नदी कार्य योजना के अंतर्गत शामिल की जाने वाली विभिन्न नदियों के तट पर स्थित नगरों के नाम

क्र० सं०	राज्य	नगर	नदी
1	2	3	4
1.	गुजरात	अहमदाबाद	साबरमती
		गांधीनगर	"
2.	पंजाब	लुधियाना	सतलुज
		जालंधर	"
		फगवाड़ा	"
		फिल्लौर	"
3.	बिहार	रांची	सुवर्ण रेखा
		घाटशिला	"
		जमशेदपुर	"

1	2	3	4
4.	महाराष्ट्र	नानदेड	गोदावरी
		नासिक	"
		कराड	कृष्णा
		सांगली	"
5.	आंध्रप्रदेश	भद्राचलम	गोदावरी
		मनचरियाल	"
		रामगुंडम	"
		रेपल्लि	कृष्णा
6.	तमिलनाडु	ग्रैंड अनीकट	कावेरी
		कुम्भकोणम	"
		तिरुचिरापल्ली	"
7.	कर्नाटक	चिकमंगलूर	कावेरी
		बेलूर	"
		मैसूर	"
		तीर्थहल्लि	तुंगा
		भद्रावती	भद्रा
		शिमोगा	"
		होगेनक्कल	कावेरी
		पगालूर	"
8.	राजस्थान	कोटा	चंबल
		किशोरायपत्तन	"
9.	उड़ीसा	चांदबाली	वैतरिणी
		धर्मशाला	ब्राह्मिणी
10.	मध्य प्रदेश	जबलपुर	नर्मदा
		विदिशा	बेतवा
		मंडीद्वीप	"
		भोपाल	"
		नेपानगर	तापी
		बुरहानपुर	"
		नागदा	चंबल
		इंदौरा	खान
		उज्जैन	क्षिप्रा
		सिवनी	वाणागंगा
11.	हिमाचल प्रदेश	मंडी	ब्यास
		कुल्लू	"
		मनाली	"
12.	उत्तर प्रदेश	मोदीनगर	काली